लोअर हट की कूड़ा और रीसाइक्लिंग (पुनर्चक्रण) सेवा

HUTT CITY
TE AWA KAIRANGI

TOO GOOD TO WASTE
Maimoatia Kei Moumou

आपका रबिश बिन (कूड़ेदान)

यह आपका लाल ढक्कन वाला पहियेदार कूड़ेदान है, और यह केवल कूड़े के लिए है।

✓ **हाँ**

- सामान्य कूड़ा-करकट– जिसका अर्थ है ऐसी कोई भी चीज़ जिसका फिर से उपयोग या रिसायकल (पुनर्चक्रण) नहीं किया जा सकता हो।

✗ **नहीं**

- गर्म राख या तरल पदार्थ
- खतरनाक कूड़ा जैसे बड़ी बैटरी और गैस की बोतलें

सुझाव: किसी चीज़ का निपटान या अन्य तरीकों से रीसायकल कैसे किया जाए इस बारे में नहीं जानते? जाँच करें **toogoodtowaste.nz** या हमें सम्पर्क करें।

सुझाव: अपने कूड़ेदानों के ढक्कनों पर परमानेंट मार्कर (स्थायी पेन) से अपना पता लिखें।

क्या आपको पता था?

जब हरित कूड़ा लैंडफिल में जाता है तो यह मीथेन [गैस] बनाता है, जो एक ग्रीनहाउस गैस कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में बहुत अधिक शक्तिशाली है। इसे अपने लाल कूड़ेदान में डालने के बजाय, कम्पोस्ट करने (इसकी खाद बनाने) पर विचार करें या हमारे हरे कचरे के कलेक्शन का उपयोग करें

आपका रीसाइक्लिंग बिन

यह आपका पीले ढक्कन वाला पहियेदार कूड़ेदान है, और यह केवल ऐसी चीज़ों के लिए है जिनको रीसायकल किया जा सकता है।

✓ **हाँ**

- कागज और गत्ते
- टिन और कैन (डिब्बे)
- प्लास्टिक के कंटेनर (बर्तन या डिब्बे आदि), जो चिन्हित हैं:

ये [चिन्ह] आमतौर पर उस आइटम के नीचे की सतह पर पाए जाते हैं।

याद रखें: कंटेनरों को पानी से निकाल लें और अपने कार्डबोर्ड (गत्ते) को चपटा कर लें या काट लें ताकि उसे आपके पीले कूड़ेदान में फिट किया जा सके।

✗ **नहीं**

- काँच
- बैटरियां
- नैपी (लंगोट)
- पेय पदार्थ के कार्टन/टेट्रापैक
- पॉलीस्टाइरिन, कपड़ों के हैंगर और खिलौने
- सॉफ्ट (मुलायम) प्लास्टिक, क्लिंग फिल्म और स्ट्रैपिंग (सामान बांधने वाली पट्टियां)

मुझे पीले सप्ताहों में एकत्र किया जाता है

क्या आपको पता था?

जब गलत चीजें गलत बिन में डाल दी जाती हैं, तो वे रीसाइक्लिंग / ipu hangarua (ईपू हैंगरुआ) को दूषित कर देते हैं, जिसका अर्थ यह हो सकता है कि पूरे ट्रक का सामान लैंडफिल में जा रहा है। इसलिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारे पीले कूड़ेदानों में केवल वही चीज़ें डाली जाएं जो कचरे में फेंकने योग्य न हों।

काँच के लिए आपका रीसाइक्लिंग टोकरा

यह आपका नीला ऊपर से खुला (ओपन-टॉप) टोकरा है, जो केवल काँच के लिए है।

✓ **हाँ**

- काँच की बोतलें
- काँच के जार

याद रखें: बोतलों और जारों को धोकर यह सुनिश्चित कर लें कि वे साफ हैं।

✗ **नहीं**

- ढक्कन
- खाने के बर्तन और पाइरेक्स
- टूटे हुए काँच
- लाइट बल्ब
- आईने या खिड़कियों के काँच

सुझाव: किसी एक का कचरा, किसी अन्य के लिए खजाना है। उपयोगी वस्तुओं को लैंडफिल में जाने से बचाने के अवसरों के लिए नोटिस बोर्ड और सोशल मीडिया पर नजर रखें।

क्या आपको पता था?

काँच को ऑकलैंड में VISY को भेजा जाता है, जहां इसे आगे रंग के लिए क्रमबद्ध किया जाता है, और कांच की नई बोतलों और जार में फिर से संसाधित किया जाता है।

आपका हरा (बगीचे का) कूड़ेदान

हो सकता है कि आपने हरे ढक्कन के साथ 240 लीटर वाला पहिएदार कूड़ेदान प्राप्त करना चुना हो। आपका हरा कूड़ेदान केवल बगीचे के कूड़े के लिए ही है।

✓ **हाँ**

- कटी घास के टुकड़े
- पौधों के कटे हुए टुकड़े

✗ **नहीं**

- कूड़ा
- कंक्रीट या पत्थर
- नैपी (लंगोट)
- भोजन का कचरा

सुझाव: यदि आपके पास हरा कचरा बिन नहीं है, या आपके पास बड़ी मात्रा में हरा कचरा है, तो आप इसे सिल्वरस्ट्रीम ट्रांसफर स्टेशन पर ले जा सकते हैं।

क्या आपको पता था?

कम्पोस्ट कूड़ेदान और वॉर्म (कीड़ों के) फार्म, आपके गार्डन के लिए अच्छे होते हैं। भोजन वाला कचरा इनमें से किसी में डालें। भोजन वाला कचरा कम करने और पैसे की बचत करने के व्यावहारिक सुझाव जानने के लिए, **lovefoodhatewaste.co.nz** पर जाएं।

अपने कूड़ेदान को बाहर रखना

अपने कूड़ेदान को बाहर कब रखें

कृपया **toogoodtowaste.nz** वेबसाइट पर जाएं और अपने पते के लिए एक कलेक्शन (संग्रह) कैलेंडर को डाउनलोड करें।

पीले या नीले हफ्ते के आधार पर अलग-अलग कूड़ेदान को बाहर रखा जाएगा।

इसके अलावा, यदि आपने हरे कचरे के डिब्बे को चुना है, तो हरे कचरे के लिए एक अलग संग्रह कैलेंडर है।

अगर आपको अभी-अभी नए डिब्बे मिले हैं, तो उनके एक तरफ लगा एक स्टिकर आपको उनके संग्रह के दिन के बारे में जानकारी देगा।

पीला हफ्ता

अपना पीला बिन और अपना लाल बिन बाहर रख दें

नीला हफ्ता

अपने नीले टोकरे और अपने लाल बिन को बाहर रख दें

अपने कूड़ेदानों को बाहर कब रखें

आपके डिब्बे आपके संग्रह वाले दिन सुबह 6 बजे तक कर्बसाइड (सड़क के किनारे) पर बाहर हो जाने चाहिए, या आप उन्हें शाम को पहले बाहर रख सकते हैं।
कृपया उन्हें संग्रह दिवस की शाम तक अपनी संपत्ति के अंदर वापस लाने का प्रयास करें।

अपने कूड़ेदान को बाहर कैसे ले जाएं

कृपया अपने कूड़ेदान से जुड़े लैच लगाकर उसके ढक्कन बंद कर दें। अगर आप ढक्कन बंद नहीं कर सकते, तो आपका कूड़ादान बहुत ज्यादा भरा है और हो सकता है उसे खाली नही किया जाए। अगर ऐसा होता है, तो कूड़ेदान से थोड़ा कूड़ा बाहर निकाल लें, और इसे अगले कलेक्शन के लिए रख लें।

कृपयाअपने कूड़ेदानों को सड़क के किनारे (कर्ब) के जितना करीब हो सके, सड़क के सामने परिषद के लोगो (निशान) को सड़क की ओर करते हुए रखें और प्रत्येक बिन के बीच आधा मीटर की दूरी रखें ताकि ट्रक उन्हें उठा सकें। कृपया अपनी काँच के रीसाइक्लिंग वाले क्रेट को अपने पहिएदार कूड़ेदान /नों के पास रखें।

हम सब यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर प्रयास कर सकते हैं कि हमारे कूड़ेदान पैदल मार्ग या मोटरगाड़ियों के मार्ग में रुकावट न डालें - हम चाहते हैं कि हर कोई उनके आसपास से आसानी से गुजर सके।

फ्लैट, साझा ड्राइव-वे और cul-de-sacs (बंद गली या रास्ता)।

अगर आप अपनी संपत्ति के ठीक बाहर अपने डिब्बों को फिट नहीं कर सकते हैं, तो अपने पड़ोसियों से इस बारे में बात करें - साथ में आप अपने डिब्बे को इकट्ठा करने के लिए बाहर रखने का एक सुरक्षित स्थान ढूंढ सकते हैं। इसका अर्थ हो सकता है कि कलेक्शन वाले दिन कुछ निवासियों के घर के बाहर उनके पड़ोसियों के कूड़ेदान पड़े हों।

अन्य वस्तुओं का निपटान कैसे करें

फ्रिज/फ्रीजर:
सिल्वरस्ट्रीम लैंडफिल ट्रांसफर स्टेशन पर लेकर जाएं, लैंडफिल शुल्क लागू होता है। अगर आप किसी आइटम (उपकरण) को बदल रहे हैं, तो आपका रिटेलर आपका पुराना उपकरण ले सकता है।

तेल:
सिल्वरस्ट्रीम लैंडफिल ट्रांसफर स्टेशन पर घरेलू मात्रा में सामान का निःशुल्क निपटान।
नोट: अपने स्टॉर्मवॉटर ड्रेन (बरसाती पानी के गटर) में तेल को न डालें।

पेंट और सॉल्वेंट्स:
अपने बचे हुए पेंट को Resene या Dulux के पास ले जाएं। अन्य ब्रांडों पर कुछ शुल्क लागू हो सकते हैं, या सिल्वरस्ट्रीम लैंडफिल ट्रांसफर स्टेशन पर घरेलू मात्रा में सामान का मुफ्त निपटान किया जा सकता है।
नोट: अपने स्टॉर्मवॉटर ड्रेन (बरसाती पानी के गटर) में पेंट और सॉल्वेंट्स को न डालें।

बगीचे के और घरेलू रसायन:
सिल्वरस्ट्रीम लैंडफिल ट्रांसफर स्टेशन पर घरेलू मात्रा में सामान का निःशुल्क निपटान।
नोट: अपने स्टॉर्मवॉटर ड्रेन में बगीचे/घरेलू रसायनों को न डालें।

ई-वेस्ट (इलेक्ट्रॉनिक कचरा):
TechCollect में भाग लेने वाले खुदरा विक्रेताओं पर कंप्यूटर, टैबलेट, मॉनिटर, कंप्यूटर के बाहरी उपकरणों, प्रिंटर और कैमरों को छोड़ा जा सकता है।

कार की बैटरियां और लिथियम-आयन बैटरियां:
सिल्वरस्ट्रीम लैंडफिल ट्रांसफर स्टेशन पर घरेलू मात्रा में सामान का निःशुल्क निपटान।

गैस की बोतलें और सिलेंडर:
सिल्वरस्ट्रीम लैंडफिल ट्रांसफर स्टेशन पर घरेलू मात्रा में सामान का निःशुल्क निपटान।

दवा, शार्प्स, सुईं और एपिपेन ऑटो इंजेक्टर:
सुरक्षित निपटान के लिए अपनी स्थानीय फार्मेसी में ले जाएं।

प्रयोग करने योग्य फर्नीचर और ब्रिक-ए-ब्रैक (छुटपुट सामान):
25 पीटरकिन स्ट्रीट, विनगेट, या अपने स्थानीय चैरिटी में अर्थलिंक पर ले जाएं।
कृपया पहले अपनी स्थानीय चैरिटी से जाँच करें और किसी भी सामान को चैरिटी की दुकानों के सामने डंप न करें (मत फेंके)।

क्या आपको अपना कूड़ेदान बाहर रखने के लिए मदद चाहिए?

यदि आप निःशक्तता के कारण, या चलने-फिरने में कठिनाई के कारण अपने रीसाइक्लिंग और कूड़े को कलेक्शन के लिए बाहर नहीं रख सकते, और इसमें आपकी मदद के लिए कोई नहीं है, तो हम मदद कर सकते हैं।

कृपया हमें **04 570 6666** नंबर पर फोन करें या ईमेल करें **contact@huttcity.govt.nz** और हम यह सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करेंगे कि आपके डिब्बों को इकट्ठा कर लिया जाए।

कूड़ा चैम्पियन बनें

रीसाइक्लिंग के मामले में, और लैंडफिल में जाने वाली चीज़ों में कटौती करने के मामले में हम सभी परफेक्ट नहीं होंगे, इसलिए इस दिशा में तेज गति में मदद के लिए हमने कुछ प्रणालियां स्थापित की हैं।

इनमें यह जांचने के लिए कि आपके रीसाइक्लिंग और हरे कचरे के डिब्बे में सही चीजें हैं या नहीं, हमारे ट्रकों पर कैमरे लगे होना शामिल है। कूड़ेदान निरीक्षक (इंस्पेक्टर) आपके कूड़ेदान पर टैग लगा सकता है, जिससे आपको कचरा चैम्पियन बनने में मदद मिलेगी।

यदि आपको एक हरा टैग मिला है, तो इसका मतलब है कि आपके बिन में सब कुछ ठीक है– बहुत बढ़िया!

अगर आपको नारंगी टैग दिखे, तो इसका अर्थ है कि आपके कूड़ेदान में कुछ ऐसी चीज़ें हैं जो उसमें नहीं होनी चाहिए थीं। अगली बार कृपया दुबारा जाँच कर लें कि सब कुछ सही है।

अगर आपको एक लाल टैग मिलता है, तो आपके बिन में बहुत सारी चीजों को छांटा नहीं गया था और हो सकता है कि इसे इकट्ठा भी नहीं किया गया हो। अगर ऐसा होता है, तो वह चीज़ें निकाल लें जो उसमें नहीं होनी चाहिए, और कूड़ेदान को फिर से अगले कलेक्शन वाले दिन बाहर रखें।

अगर सब कुछ छांट कर रखा गया था और आपका बिन या टोकरा खाली नहीं किया गया था, तो कलेक्शन छूट जाने की रिपोर्ट करने के लिए **toogoodtowaste.nz** वेबसाइट पर जाएं, **04 570 6666** नंबर पर फोन करें या **contact@huttcity.govt.nz** पर ईमेल करें।

MAIMOATIA
KEI MOUMOU
Too good to waste

यह पुस्तिका
डाउनलोड के लिए भी उपलब्ध है:

- English
- Te Reo Māori
- Samoan
- 繁體中文
- 简体中文

toogoodtowaste.nz पर जाएं

फोन करें: **04 570 6666**
ईमेल करें: **contact@huttcity.govt.nz**

toogoodtowaste.nz

HUTT CITY
TE AWA KAIRANGI